BSES

बीआरपीएल ने फिर शुरू किया इलेक्ट्रिशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम

आरडब्ल्यूएज की ओर से मिला जबरदस्त रेस्पॉन्स, 250 इलेक्ट्रिशियंस को प्रशिक्षण

नई दिल्लीः 29 अगस्त, 2012। इन दिनों बीआरपीएल के इंजीनियर्स, लोकल इलेक्ट्रिशियनों को एक्सपर्ट बनाने के लिए खास ट्रेनिंग दे रहे हैं। ट्रेनिंग के बाद आपका वही पुराना, पड़ोस वाला इलेक्ट्रिशियन आपकी बिजली संबंधी व्यक्तिगत समस्याओं का सुरक्षित तरीके से समाधान कर पाएगा। आपके घर की आंतरिंग वायरिंग की गुत्थियों को वह बेहतर तरीके से समझ पाएगा और आपको यह भी बता पाएगा कि आपके घर में मौजूद कौन सा उपकरण कितनी मात्रा में बिजली की खपत कर रहा है। आपका इलेक्ट्रिशियन ईएलसीबी और एमसीबी लगाने और उन्हें ठीक करने में भी माहिर हो जाएगा। साथ ही, वह बिजली बचत के नुस्खे भी आपको बताएगा। इस चरण में, 250 इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीएसईएस पहले भी लोकल इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। पहले के कार्यक्रमों में 1000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित किया गया था।

इलेक्ट्रिशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत, साउथ दिल्ली के बैच की ट्रेनिंग सफदरजंग एन्क्लेव में हो रही है, जबकि वेस्ट दिल्ली के बैच की ट्रेनिंग तिलक नगर में हो रही है। बीआरपीएल के इंजीनियर्स इलेक्ट्रियिनों को इस तरह प्रशिक्षित कर रहे हैं ताकि वे साउथ और वेस्ट दिल्ली में बीआरपीएल उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित व विशेषज्ञ सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम हो पाएं। प्रशिक्षण पूरा करने वाले इलेक्ट्रिशियनों को बीएसईएस की ओर से सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक– हमें आरडब्ल्यूएज और अन्य स्टेक होल्डरों से लगातार अनुरोध मिल रहे थे कि कंपनी उनके इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षण देने का अभियान फिर से शुरू करे। इससे यह पता लगता है कि पूर्व में हमारे द्वारा दिए गए प्रशिक्षण कितने सफल रहे हैं। हमने आरडब्ल्यूएज से कहा कि वे अपने इलेक्ट्रिशियनों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए नामित करें, हम उन्हें प्रशिक्षित करेंगे। ट्रेनिंग कार्यक्रम में इलेक्ट्रिशियनों को घर की इंटरनल वायरिंग के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही, यह भी बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आग से कैसे बचा जाए, और ईएलसीबी (अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर) के क्या फायदे हैं, आदि।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....